दिन– गुरुवार	दिनांक– 19 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य के अंतिम हथियारबंद माओवादी सुरेश कोड़ा के आत्मसमर्पण के बाद बिहार पूरी तरह से नक्सल मुक्त हुआ।

02. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया– फार्मर आईडी नहीं बनने पर भी किसानों को मिलता रहेगा पीएम किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– शराबबंदी ने बढ़ाई अवैध शराब कारोबार की समान्तर अर्थव्यवस्था।

04. और, रमजान का पवित्र महीना शुरू। आज पहला रोजा। बाजारों में बढ़ी रौनक।

---

बिहार पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो गया है। राज्य के अंतिम हथियारबंद माओवादी सुरेश कोड़ा के मुंगेर में आत्मसमर्पण के बाद राज्य ने यह उपलब्धि हासिल की है। मुंगेर प्रक्षेत्र के डीआईजी राकेश कुमार ने बताया कि राज्य के नक्सल प्रभावित रहे तेईस जिलों में अब कोई भी हथियारबंद नक्सली दस्ता सक्रिय नहीं है।

–––बाईट–––

मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पीणीकर ने बताया कि केन्द्र सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत सुरेश कोड़ा को जल्द ही निर्धारित लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

–––बाईट–––

इधर, सुरेश कोड़ा की पत्नी प्रमिला देवी ने कहा कि पति के आत्मसमर्पण के फैसले के बाद उनके परिवार में राहत और खुशी का माहौल है।

–––बाईट–––

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार बारह में राज्य के तेईस जिले नक्सल प्रभावित हुआ करते थे। सत्तर के दशक में बिहार में नक्सलियों का वर्चस्व बढ़ा और मध्य बिहार के जिले सबसे अधिक प्रभावित रहे। केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयासों से वर्ष दो हजार पच्चीस में एक भी नक्सली घटना नहीं हुई। इस वर्ष दो सौ बीस नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतरेस और दुनिया भर के कई शीर्ष उद्योगपति भी संबोधित करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद ये नेता इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का दौरा करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———बाईट———

---

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई अभियान के अंतर्गत चौबीस घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अंतर्गत पच्चीस लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है।

---

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि फार्मर आईडी नहीं बनने पर भी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य में अभी पैंतालीस लाख से अधिक किसानों की आईडी तैयार हो गयी है। श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार फार्मर आईडी रखने वाले किसानों को पन्द्रह मिनट के अन्दर केसीसी लोन उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून के बावजूद अवैध शराब कारोबार की समानांतर व्यवस्था चल रही है। इससे गैर कानूनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है और युवाओं का भविष्य दांव पर लग रहा है। न्यायामूर्ति पूर्णेन्दु सिंह की एकल पीठ ने कानून के तहत दायर अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई करते हुये यह टिप्पणी की। न्यायालय ने शराब तस्करी में नाबालिगों और वयस्कों के शामिल होने की प्रवृत्ति पर चिंता जतायी। पीठ ने मिथाइल अल्कोहल युक्त जहरीली शराब के दुष्प्रभावों का भी जिक्र किया। न्यायालय ने कहा कि कानून के प्रभावी कार्यान्वयन नहीं होने से नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ गया है।

---

शराबबंदी को लेकर चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने एक बार फिर राज्य सरकार से कानून की समीक्षा की मांग की है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि शराबबंदी से बिहार सरकार को

आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि घर–घर तक महंगे दामों पर शराब की डिलीवरी हो रही है।

–––बाईट–––

इधर, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में शराबबंदी कानून प्रभावी ढंग से लागू है। प्रदेश में कोई भी व्यक्ति शराब पीने की कल्पना भी नहीं कर सकता है।

---

आज से रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनाई जाती है। इससे पहले कल चांद देखे जाने के बाद तरावी की नमाज शुरू हुई। लोग बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचे और विशेष नमाज अदा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने आशा जतायी कि यह शुभ महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान की शुरूआत पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि रमजान को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। सेवई, सूखे मेवे, फल और मिठाईयों की दुकान पर विशेष भीड़ देखी जा रही है।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य के सभी पांच सौ सैंतीस अंचलों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। इसके लिए छह करोड़ इकहत्तर लाख रूपये जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि मार्च महीने तक सीसीटीवी लगाने का काम पूरा कर लिया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में यह फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने धान अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि इकतीस मार्च करने पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण के जवाब में उन्होंने बताया कि सोलह फरवरी को नई दिल्ली में इस संबंध में केन्द्र सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। मंत्री ने बताया कि केन्द्र ने धान खरीद के वर्तमान लक्ष्य को हासिल करने पर इसे बढ़ाने का भी आश्वासन दिया है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान इक्कीस फरवरी से शुरू होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने पटना में आयोजित प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने पचास लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

---

केन्द्र सरकार के वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने मैथिली में रसायन शास्त्र की मूलभूत शब्दावली प्रकाशित कर दी है। अंग्रेजी—हिन्दी—मैथिली में प्रकाशित इस शब्दावली में लगभग तीन हजार पांच सौ शब्द हैं। आयोग ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सहयोग से छह वर्ष पूर्व शब्दावली बनाने का काम शुरू किया था। शब्दावली के प्रकाशित होने से नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों में रसायन शास्त्र को मैथिली में भी पढ़ना—पढ़ाना सम्भव हो सकेगा।

---

आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में, मौजूदा चौंपियन भारत ने कल रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रुप ए के अंतिम मैच में नीदरलैंड्स को सत्रह रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने निर्धारित बीस ओवर में एक सौ तिरानवे रन बनाए। हरफनमौला शिवम दुबे ने इकतीस गेंदों पर सर्वाधिक छियासठ रन की पारी खेली। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारत का अगला मुकाबला रविवार को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह सुपर—8 में भारत का पहला मैच होगा।

---

मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन कल प्रदेशभर से कदाचार के आरोप में छह परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा देते हुये तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कदाचार के आरोप में निष्कासित होने वाले सभी परीक्षार्थी भोजपुर जिले के हैं। वहीं, बांका से दो और नवादा से एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये हैं।

---

रोहतास जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़रियावां गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर सोन नहर में पलट गयी। हादसे में कार सवार दम्पति की मौत हो गयी।

---

सारण जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के सूतिहार बाजार में चोरों ने एसबीआई का एटीएम काटकर चौबीस लाख रूपये चुरा लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

पूर्वी चम्पारण जिले की साईबर पुलिस ने एक करोड़ बीस लाख रूपये की साईबर ठगी के मुख्य आरोपी संगम कुमार को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी रक्सौल के व्यपारियों से ठगी करने के मामले में की गयी है।

---

पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने बीएसएनएल में लभगग इकतीस लाख रूपये के घोटाला मामले में चार कर्मियों को सजा सुनाई है। इन सभी को तीन–तीन साल कारावास और साढ़े तीन लाख रूपये अलग–अलग अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पुलिस मुख्यालय का ऐलान, बिहार नक्सलमुक्त।

दैनिक जागरण ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– नये डिग्री महाविद्यालयों में नौ हजार दो सौ चौरासी पदों पर की जायेगी स्थायी नियुक्ति।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए सोलह मार्च को चुनाव। चार सीटें एनडीए की झोली में जानी तय, पांचवीं के लिए होगा कड़ा मुकाबला।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– गांव की सड़कें पांच दशमलव पांच मीटर चौड़ी होंगी। सबका चयन सर्वे से होगा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी से निगरानी।

आज अखबार लिखता है–भारत में एआई डेवलप के लिए कम्पनियों ने खोली तिजोरी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य के अंतिम हथियारबंद माओवादी सुरेश कोड़ा के आत्मसमर्पण के बाद बिहार पूरी तरह से नक्सल मुक्त हुआ।

02. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया– फार्मर आईडी नहीं बनने पर भी किसानों को मिलता रहेगा पीएम किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ।

03. पटना उच्च न्यायालय ने कहा– शराबबंदी ने बढ़ाई अवैध शराब कारोबार की समान्तर अर्थव्यवस्था।

04. और, रमजान का पवित्र महीना शुरू। आज पहला रोजा। बाजारों में बढ़ी रौनक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।